# होम डिलीवरी : दो दिन में 267 आइसोलेट मरीजों तक दल ने पहुंचाई मेडिसिन किट



वार्ड पांच स्थित मरीज को किट देते टीम सदस्य। भास्कर 22-5-21

रतलाम | होम आइसोलेट में रह रहे मरीजों तक मेडिसिन किट पहुंचना शुरू हो गई है। दो दिन में नगर निगम की टीम 267 मरीजों को किट दे चुके हैं। मंगलवार को 119, बुधवार को 148 मरीजों को किट दी। नगर निगम हर दिन किट का वितरण कर रहा है। मरीजों की सुविधा के लिए इसके साथ स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की कॉपी दी जा रही है। इसके आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पूरी व्यवस्था बनाते हुए वार्ड वार दल बना दिए हैं। ये दल नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल की देखरेख में काम कर रहे हैं।

## यह है किट की व्यवस्था

- स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह हर दिन ई-दक्ष केंद्र से होम आइसोलेट मरीजों की लिस्ट लेते हैं। उसके अनुसार जिला अस्पताल के स्टोर से कीट लेकर अग्निशमन कार्यालय में जमा करा रहे हैं।
- फायरमैन देवेंद्र पुरोहित कीट को कीट संख्या को रिकॉर्ड में दर्ज कर वार्ड वार दल बांटने के लिए देते हैं।
- वार्ड दरोगा इन कीट को प्रत्येक मरीजों के देने जा रहे हैं।
- रिकॉर्ड रखने के साथ ही दिनभर की संकलित जानकारी वासुदेव बैरागी सहायक राजस्व निरीक्षक दे रहे हैं।

# 124 मरीजों को मेडिसिन किट बांटी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमित होम आइसोलेट मरीजों को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा दी जा रही है।

बुधवार को ई-दक्ष केंद्र से होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची लेकर स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने जिला अस्पताल के स्टोर से 148 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों द्वारा सूची अनुसार 124 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर घर किया गया। चार मरीजों को जिला अस्पताल से पूर्व से ही मेडिकल किट प्राप्त हो चुकी थी। 12 मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती होना पाए गए जबकि चार मरीजों के संपर्क नंबर व पते गलत मिले व एक मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया।



लाकडाउन के दौरान मेडिकल स्टोर से दवा खरीदते हुए ग्राहक। • नईदुनिया 22-5-2021

### मेडिकल कालेज में सफाई के लिए निगम कर्मचारी नियुक्त

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम गोपालचंद्र डाड के निर्देशानुसार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मेडिकल कालेज में सफाई व आक्सीजन सिलिंडर सप्लाई के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की है। मेडिकल कालेज के विभिन्न तलों के शौचालयों की सफाई के लिए 24 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। इसी तरह मालवा आक्सीजन जावरा रोड से आक्सीजन सिलिंडर लोडिंग वाहन में लोड करने एवं मेडिकल कालेज में अनलोड करने के लिए छह-छह घंटे की शिफ्ट में कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

**परेशानी**

- होम आइसोलेशन में निगम कर्मचारी घर जाकर कर रहे वितरण
- चार लोगों ने अपने नाम और पते गलत लिखवाए

नईदुनिया 22-5-2021

# जानिए... कोरोना से निपटने किस मंत्री को क्या जिम्मेदारी

**गोपाल भार्गव :** प्रदेश में कोविड केयर सेंटर और ऑक्सीजन प्लांट के निर्माण को समय सीमा में पूर्ण कराने का काम देखेंगे।

**तुलसीराम सिलावट:** इंदौर में राधा स्वामी सत्संग व्यास परिसर में बन रहे 2000 बिस्तर के अस्पताल का प्रभावी संचालन और इसी प्रकार के अन्य कोविड-केयर सेंटर का निर्माण देखेंगे।

**विजय शाह :** होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को मेडिकल किट, ब्रोशर का वितरण। दिन में दो बार कॉल चिकित्सा सलाह को सुनिश्चित करेंगे। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम और नगरीय प्रशासन की टीम भी रहेगी।

**भूपेंद्र सिंह :** बीना रिफाइनरी के पास बन रहे 1000 बिस्तर अस्पताल के निर्माण का क्रियान्वयन देखेंगे।

**बृजेंद्र प्रताप सिंह:** कोविड केयर सेंटर्स में मरीजों को मेडिकल किट ब्रोशर का वितरण, भोजन सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे।

**महेंद्र सिंह सिसोदिया :** ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमण रोकने आवश्यक उपाय, होम आइसोलेशन और कोविड-19 सेंटर में मरीजों को मेडिकल किट, ब्रोशर का वितरण। मंत्री रामखेलावन पटेल का सहयोग रहेगा।

**विश्वास सारंग :** भोपाल में संस्थाओं के सहयोग से कोविड सेंटर का निर्माण, अस्पतालों में बिस्तर बढ़वाने का कार्य।

**उषा ठाकुर:** जन अभियान परिषद के सहयोग से वालंटियर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन।

**अरविंद भदौरिया :** राज्य के बाहर से ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति के विषय में संबंध में समन्वय।

**राम किशोर कांवरे:** राज्य के एक करोड़ परिवारों को काढ़े के वितरण की व्यवस्था।

**राजवर्धन सिंह दत्तीगांव :** उद्योगों से ऑक्सीजन की आपूर्ति के संबंध में समन्वय देखेंगे।

**ओपीएस भदौरिया :** नगरों में का सैनेटाइजेशन, होम आइसोलेशन की व्यवस्था, नगरों में मेडिकल किट का वितरण देखेंगे।

**स्टेट राउंड-अप | टॉप-न्यूज**

## 1 होम आइसोलेट मरीजों से सीएम खुद लेंगे फीडबैक

22-4-21



**भोपाल@पत्रिका.** राज्य में कोरोना संक्रमण बढ़ने के साथ अस्पतालों में दबाव बढ़ा है। ऐसे में सरकार का फोकस होम आइसोलेशन पर है। लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे होम आइसोलेट होकर भी स्वस्थ्य हो सकते हैं। ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था की गई है। ऐसे मरीजों से अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं बात करेंगे, जिससे यह पता चल सके कि कोरोना मरीजों को मिल रहा इलाज, डॉक्टरों का मार्गदर्शन, मेडिकल किट और उनके संतुष्टि का स्तर कैसा है।

होम आइसोलेट मरीजों के मामले में यह शिकायतें मिल रही हैं कि उनको डॉक्टरों से परामर्श नहीं मिल रहा। दिए गए नम्बर पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो रहे। मेडिकल किट उपलब्ध नहीं हो रही है, इसलिए मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को निर्देश दिए हैं कि वे भी फोन से मरीजों के संपर्क में रहें।

### यह है व्यवस्था

होम आइसोलेट मरीज को मेडिकल किट देने के निर्देश हैं। इनको कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से दिन में दो बार कॉल किए जाने की व्यवस्था है। मरीज सूचना पोर्टल पर जिस दिन दर्ज हो, उसी दिन दवाई मिल जाए।

# प्रदेश में 18 वर्ष के ऊपर के लोगों को निशुल्क टीका

## रतलाम, मंदसौर व मुरैना में शुरू होंगे आक्सीजन प्लांट

**बड़ा कदम**

- वीडियो कांफ्रेंसिंग से सीएम ने प्रभारी मंत्रियों के साथ बैठक में लिया निर्णय
- शिवराज ने मंत्रियों को सौंपी अलग-अलग जिम्मेदारी

भोपाल 22-4-21 (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए मध्य प्रदेश में एक मई से 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को टीका निशुल्क लगेगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को मंत्रियों के साथ कोरोना नियंत्रण को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में लिया। साथ ही मंत्रियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।

मुख्यमंत्री ने बैठक के पहले मंत्रियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी राहत देते हुए 18 साल से अधिक उम्र वालों को एक मई से टीका लगाए जाने की जो घोषणा की है, उसकी गाइडलाइन केंद्र सरकार जारी करेगी लेकिन मध्य प्रदेश में ऐसे सभी लोगों को टीका निशुल्क ही लगाया जाएगा। टीकाकरण को गति देना है, इसलिए हमें सभी जुट जाएं। कोरोना को हराना है तो संक्रमण की कड़ी को तोड़ना होगा। इसके लिए लोगों को घर पर रहना है। अपने गांव, कॉलोनी और मोहल्ले में कोरोना कर्फ्यू लगा दें। कोई भी 30 अप्रैल तक घर के बाहर नहीं निकलेगा। यह युद्ध है जिसे घर पर रहकर ही जीता जा सकता है। बैठक में ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन, कोविड केयर सेंटर और होम आइसोलेशन संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी दी गई।

**मनरेगा में 21 लाख मजदूरों को काम:** मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में मजदूरों को कहीं जाने की जरूरत नहीं है। उन्हें काम देने की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। बुधवार को मनरेगा में रिकॉर्ड 21 लाख मजदूर को काम दिया गया।

**बीना रिफायनरी के पास बनेगा एक हजार बिस्तर का अस्पताल :** मुख्यमंत्री ने बताया कि बीना रिफायनरी ने ऑक्सीजन देने का निर्णय लिया है। इसका परिवहन न करना पड़े इसके लिए रिफायनरी के पास ही एक हजार बिस्तर का अस्पताल बनाना शुरू कर दिया गया है।



बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि खंडवा, शिवपुरी, उज्जैन और सिवनी जिले में ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो गए हैं। जबलपुर में ऑक्सीजन प्लांट स्थापना का काम पूरा हो गया है। रतलाम, मंदसौर और मुरैना जिले में ऑक्सीजन प्लांट एक-दो दिन में शुरू होने की पूरी संभावना है।

### संक्रमण से बचाने में वैक्सीन सक्षम

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कोरोना के खिलाफ टीकाकरण अभियान में भारत में लगाई जा रही दोनों ही वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन संक्रमण से बचाने में सक्षम हैं। वैक्सीन लेने के बाद संक्रमित हुए लोगों के आंकड़े गवाह हैं। इन आंकड़ों को जारी करते हुए आइसीएमआर के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने कहा कि वैक्सीन लेने के बाद जिन लोगों को कोरोना हुआ भी है, उनकी स्थिति गंभीर नहीं हुई है।

नईदुनिया 22-4-2021



# ऑक्सीजन लेकर स्वस्थ हुए हैं, अब पौधे लगाकर ऑक्सीजन लौटाई

## स्वस्थ होकर लौटे मरीजों को पौधे भेंट कर दिया संदेश

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 22-5-2021

कोरोना संक्रमण से पीड़ित 17 मरीजों को आज मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज किया गया। डिस्चार्ज करते समय उन्हें एक पौधा भेंट किया गया, इस संकल्प के साथ कि वे आज ऑक्सीजन लेकर स्वस्थ हुए हैं तो उन्हें इस वातावरण को वह ऑक्सीजन पुनः लौटाना है। इसके लिए एक पेड़ लगाकर इस वातावरण में ऑक्सीजन बढ़ाना है। मेडिकल कॉलेज में शहर विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड ने डिस्चार्ज होने वाले मरीजों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की और उनसे अपेक्षा की कि वे यह पौधा लगाकर वातावरण में ऑक्सीजन बढ़ाने में अपना सहयोग देंगे साथ ही इस प्रतीकात्मक पहल के साथ यह संदेश भी देंगे कि ऑक्सीजन हमारे लिए बहुत उपयोगी है और हम अपने प्रयासों से इसे बढ़ा सकते हैं। डिस्चार्ज मरीजों से यह अपेक्षा भी की गई कि वे कोरोना गाइडलाइन का पालन करेंगे तथा स्वयं एवं अपने परिजनों एवं परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे साथ ही कोरोना से पीड़ित व्यक्तियों को मोटिवेशनल गाइडेंस भी देंगे। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.जितेंद्र गुप्ता एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# आक्सीजन लेकर जीती जंग, अब लगाएंगे पौधा



मेडिकल कालेज में डिस्चार्ज मरीजों के साथ विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ● नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कोरोना संक्रमित 17 मरीजों को स्वस्थ होने पर बुधवार को मेडिकल कालेज से डिस्चार्ज किया गया।

डिस्चार्ज करते समय उन्हें एक पौधा भेंट कर संकल्प दिलाया गया कि वे आज आक्सीजन लेकर स्वस्थ हुए हैं तो उन्हें इस वातावरण को वह आक्सीजन पुनः लौटाना है। इसके लिए एक पौधा लगाकर वातावरण में आक्सीजन बढ़ाना है। मेडिकल कालेज में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने डिस्चार्ज होने वाले मरीजों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कर अपेक्षा की कि वे यह पौधा लगाकर वातावरण में आक्सीजन बढ़ाने में अपना सहयोग देंगे। इस प्रतीकात्मक पहल के साथ यह संदेश भी देंगे कि आक्सीजन हमारे लिए बहुत उपयोगी है और हम अपने प्रयासों से इसे बढ़ा सकते हैं।

डिस्चार्ज मरीजों से कोरोना गाइडलाइन का पालन करने व कोरोना से पीड़ित अन्य व्यक्तियों को मोटिवेशनल गाइडेंस देने की अपील की गई। इस दौरान मेडिकल कालेज डीन .डा. जितेंद्र गुप्ता एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

नईदुनिया 22-5-2021।

# लगातार दूसरे दिन बढ़ी स्वस्थ होने वालों की संख्या


## कोरोना कहर : बुधवार को 145 नए मरीज मिले, 191 डिस्चार्ज, 04 मौत




रतलाम में फायर लारी से सैनिटाइजेशन करते हुए निगमकर्मी। ● नईदुनिया 22/4/21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अप्रैल माह में कोरोना की तेज रफ्तार में कुछ कमी दिख रही है और अब स्वस्थ होने वालों की संख्या भी बढ़ने लगी है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी नए मरीजों की तुलना में डिस्चार्ज होने वालों की संख्या ज्यादा रही। हालांकि मौत का आंकड़ा अभी भी बहुत ज्यादा है।

बुधवार को 145 नए मरीज मिले और चार की मौत हो गई। 191 को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। जिले में कुल 8404 मरीजों में से 7071 स्वस्थ हो चुके हैं। 152 की मौत हुई है। एक्टिव मरीजों की संख्या 1181 है। अभी अहमदाबाद लैब से 1460 व रतलाम मेडिकल कालेज से 79 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है।



**21 दिनों में 60 मौत, 2888 नए मरीज, 2297 स्वस्थ**

अप्रैल माह में 21 दिनों में कोरोना से सर्वाधिक 60 मौत हुई है। इस दौरान 2888 नए मरीज मिले और 2297 स्वस्थ हुए। 21 दिनों का रिकवरी रेट 79 प्रतिशत है। लगातार दो दिन से स्वस्थ होने वालों मरीजों की संख्या बढ़ने से संक्रमण की रफ्तार पर नियंत्रण की संभावना बनी है।

**अप्रैल में कोरोना की चाल पर नजर**

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 01 अप्रैल | 85 | 83 | 02 | 650 |
| 02 अप्रैल | 79 | 59 | 01 | 669 |
| 03 अप्रैल | 77 | 62 | 02 | 682 |
| 04 अप्रैल | 85 | 83 | 02 | 682 |
| 05 अप्रैल | 95 | 87 | 02 | 688 |
| 06 अप्रैल | 92 | 79 | 02 | 699 |
| 07 अप्रैल | 109 | 43 | 02 | 763 |
| 08 अप्रैल | 144 | 53 | 02 | 852 |
| 09 अप्रैल | 160 | 139 | 03 | 870 |
| 10 अप्रैल | 146 | 105 | 03 | 908 |
| 11 अप्रैल | 130 | 91 | 03 | 944 |
| 12 अप्रैल | 130 | 95 | 03 | 976 |
| 13 अप्रैल | 152 | 71 | 03 | 1054 |
| 14 अप्रैल | 149 | 100 | 04 | 1099 |
| 15 अप्रैल | 158 | 155 | 04 | 1098 |
| 16 अप्रैल | 195 | 194 | 03 | 1096 |
| 17 अप्रैल | 206 | 197 | 03 | 1102 |
| 18 अप्रैल | 171 | 095 | 04 | 1174 |
| 19 अप्रैल | 217 | 131 | 04 | 1256 |
| 20 अप्रैल | 163 | 184 | 04 | 1231 |
| 21 अप्रैल | 145 | 191 | 04 | 1181 |

लापरवाही

# घर में कोरोना पॉजिटिव है यह छिपाने के लिए फाड़ रहे पोस्टर

## राजस्व कॉलोनी में कई घरों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने लगाए थे पोस्टर



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 22-4-21

रतलाम. कोरोना पॉजिटिव निकलने के बाद घर के बाहर लोगों को या क्षेत्रवासियों को इसकी जानकारी न लगे उसके लिए मरीज के घर पर लगाए जा रहे हैं पोस्टर को परिवार के सदस्य निकाल रहे हैं। उक्त लोगों द्वारा पोस्टर हटाए जाने से अब यह पता नहीं चल रहा है कि आखिरकार कोई घर पॉजिटिव मरीज है या नहीं। ऐसे में आसपास के लोगों के साथ ही फल-सब्जी वालों के माध्यम से संक्रमण फैलने का खतरा और मंडराने लगा है। क्षेत्र के कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति भी ली ये लोग मानने को तैयार नहीं हैं।

ऐसा ही कुछ मामले शहर के राजस्व कॉलोनी में देखने को मिले। उक्त क्षेत्र में करीब कुछ घरों में रहने वाले लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। ऐसे में पॉजिटिव मरीज के घर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोस्टर लगाए थे जिससे कि लोगों को यह पता चल सके कि उक्त घर में कोई मरीज रहता है। क्षेत्र के रहवासियों द्वारा की जा रही यह लापरवाही उनके आस-पास के लोगों पर भारी पड़ सकती है लेकिन सबकुछ जानकर भी पॉजिटिव मरीज के परिजन अनजान बने हुए हैं। पोस्टर के हटने से बाहर से आने वाले लोग बेहिचक जाने अनजाने में इन घरों तक पहुंच जाते हैं जिसके चलते क्षेत्र के लोगों में अब दहशत का माहौल बन गया है। आस-पास के लोग पड़ोसियों से संबंध खराब न हो इसलिए वे भी चुप ही रहते हैं लेकिन उनकी यह चुप्पी कई लोगों पर भारी पड़ सकती है।

# गंभीर मरीजों को आन काल पर विशेषज्ञ डाक्टर देंगे उपचार

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेडिकल कालेज में अब मरीजों के उपचार के साथ ही स्वजनों, स्टाफ में संवाद और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर करने पर ध्यान दिया जा रहा है। बुधवार को विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद डाड ने मेडिकल कालेज के इंतजामों की समीक्षा की। चार घंटे चली बैठक के बाद लिए गए निर्णयों की जानकारी जिला कोविड प्रभारी वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को भी दी गई। अब मेडिकल कालेज में आने वाले नए मरीजों को पहले प्रतीक्षा कक्ष में रखा जाएगा। जरूरतमंद मरीजों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं आन काल ली जाएगी। विधायक व कलेक्टर ने प्रतीक्षा कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कालेज डीन डा. जितेन्द्र गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन एवं प्रशासन व मेडिकल कालेज के अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद डाड ने मेडिकल कालेज के इंतजामों की समीक्षा की। •नईदुनिया

प्रबंधक द्वारा मेडिकल कालेज में आने वाले नए मरीजों के लिए 20 बेड वाला एक नया प्रतीक्षा कक्ष बनाया गया है। यहां चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। चिकित्सक की देखरेख में वहां रखने के बाद मरीज को उपयुक्त उपचार के लिए वार्ड में भेजा जाएगा। मेडिकल कालेज में उपचाररत मरीजों के लिए मेडिसीन विशेषज्ञ एवं अन्य विशेषज्ञों की सेवाएं 24 घंटे आन काल रहेगी। मरीज की आवश्यकतानुसार उन्हें बुलवाकर अथवा फोन पर परामर्श लिया जाएगा।

राहत

- मेडिकल कालेज में मरीजों के लिए वेटिंग रूम भी बनाया
- शहर विधायक ने चार घंटे तक ली समीक्षा बैठक

### सुविधा के लिए यह इंतजाम भी किए

- मरीज से संबंधित समस्त जानकारी प्रत्येक वार्ड में नियुक्त आयुष चिकित्सक एकत्रित करेंगे और उसे कंप्यूटर पर लोड किया जाएगा। जिससे हेल्प डेस्क एवं अन्य जिम्मेदारों को समयानुसार जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।
- अस्पताल की व्यवस्थाओं के लिए 3 शिफ्टों में अलग-अलग सहप्रभारी नियुक्त होंगे, जो शिफ्ट अनुसार अपने प्रभार की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार रहेंगे।

# नगर निगम चौराहे पर नगर निगम द्वारा खोदी गई सड़क पर नगर निगम की फ़ायर ब्रिगेट फंसी

प्रसारण न्यूज • रतलाम

22-4-2021

दूसरों के लिए खोदे गए गड्ढे में खुद ही गिरने वाली कहावत का वास्तविक अर्थ बुधवार को शहर के प्रमुख चौराहे पर देखने को मिला, जहां निगम चौराहे के सामने कुछ दिन पूर्व निगम द्वारा सीवरेज लाइन के लिए खोदी गई सड़क में निगम की ही फ़ायर ब्रिगेट फस गई।

जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर निगम चौराहे से गुजरने वाले लोगों को रोचक दृश्य देखने को मिला, जहां बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइज करने के लिए निकली फ़ायर ब्रिगेट



कुछ दिन पूर्व चौराहे पर नगर निगम द्वारा खोदी गई सड़क में फंस गई। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले यह दृश्य देखकर कई लोग अपनी हंसी नहीं रोक पाए। कई लोग वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर चुटकुलों के साथ वीडियो को पोस्ट कर रहे है।

वहीं इस दौरान निगम के कर्मचारी फ़ायर ब्रिगेट को निकालने के लिए मशक्क करते दिखाई दिए। इस दौरान फ़ायर ब्रिगेट को चौराहे पर ही खाली करना पड़ा, जिसके बाद फ़ायर ब्रिगेट गड्ढे से बाहर निकाली गई, जिसके बाद शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सैनिटाइज करने का कार्य फिर से शुरू हुआ।

प्रसारण 22-4-2021

# ऑक्सीजन : गाजियाबाद से निकला टैंकर रतलाम पहुंचा, 2250 सिलेंडर भरे जा सकेंगे

## शहर के निजी अस्पतालों की 11 दिन की जरूरत होगी पूरी, प्लांट का काम भी जल्द होगा पूरा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-5-2021

मेडिकल कॉलेज के अलावा कोविड अस्पतालों में इलाज करा रहे कोरोना मरीजों के लिए ऑक्सीजन की कमी दूर हो गई है। बुधवार को गाजियाबाद से 15785 क्यूबिक मीटर ऑक्सीजन लेकर टैंकर पहुंचा। इससे 2250 सिलेंडर की रिफिलिंग हो सकेगी। इसका फायदा खासतौर निजी अस्पतालों को होगा। उनकी 11 दिन की जरूरत पूरी हो गई है। टैंकर को महावीर ऑक्सीजन पहुंचा दिया है।

प्लांट में ऑक्सीजन को टैंकर से खाली कर सिलेंडर में भरने की शुरुआत हो गई। गुरुवार से सिलेंडर की सप्लाई होने लगेगी। विधायक चेतन्य काश्यप और समाजसेवी सुशील अजमेरा के प्रयास गाजियाबाद से यह ऑक्सीजन मिली है। वर्तमान में निजी अस्पतालों को रोजाना लगभग 150 से 200 सिलेंडर की जरूरत लग रही है।

### ऑक्सीजन के टैंकर को अजमेरा परिवार ने ऑक्सीजन प्लांट पहुंचवाया



टैंकर के शहर में पहुंचने पर समाजसेवी सुशील अजमेरा के परिवार के गौरव अजमेरा ने रिसीव कर प्लांट पहुंचाया।

मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन की आपूर्ति सामान्य है। सूरत से रोज एक टैंकर 8 से 10 केएल लिक्विड ऑक्सीजन लेकर पहुंच रहा है। कॉलेज के लिए 500 से 600 सिलेंडर का इमरजेंसी स्टॉक है। टैंकर समय पर कॉलेज पहुंच जाए इसलिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने पुलिस व्यवस्था बना रखी है। पुलिस की एक टीम रोज टैंकर को दाहोद से पायलटिंग कर कॉलेज पहुंचा रही है। कुछ दिन पहले दाहोद से पहले ही गुजरात के सरकारी अफसरों ने टैंकर रोक ऑक्सीजन खाली करा ली थी। इसके बाद प्रशासन ने पुलिस पायलटिंग की व्यवस्था की है।

### प्लांट से भी हो रही सिलेंडर की सप्लाई, 20 टन गैस और मंगवाई

शहर के दोनों ऑक्सीजन प्लांट से सिलेंडर की सप्लाई जारी है। पहले से अनुबंध होने के कारण मालवा ऑक्सीजन को लगातार लिक्विड ऑक्सीजन मिल रही है। प्रतिदिन करीब 250 सिलेंडर की रिफिलिंग हो रही है। इसके विपरीत प्रशासन की देखरेख में प्लांट से रोजाना 150 से 160 सिलेंडर की सप्लाई की जा रही है। यही स्थिति मालवा ऑक्सीजन की है। तीन दिन पहले प्लांट को 10 टन ऑक्सीजन का एक टैंकर मिला था। बुधवार को गाजियाबाद से आई ऑक्सीजन भी यही पहुंचाई है। प्लांट संचालक संतोष पितलिया ने 20 टन का और ऑर्डर कर रखा है, एक-दो दिन में वह भी मिल जाएगी।

**हिदायत** • शहर सराय से धानमंडी तक पैदल हर थोक दुकानों का निरीक्षण किया

# सुबह 7.30 बजे एसपी पहुंचे धानमंडी, बोले- मास्क नहीं पहना तो आप बीमार होंगे, दूसरों को भी करोगे

### हम्मालों व ग्रामीणों को मास्क की दी समझाइश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-5-21

लॉकडाउन में सुबह 6 बजे से धानमंडी का थोक किराना बाजार खुल रहा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किराना सामान की आपूर्ति की जा रही है। सुबह वाहनों में किराना सामग्री की लोडिंग की जा रही थी कि एसपी गौरव तिवारी घूमते हुए सुबह 7.30 बजे पहुंच गए। शहर सराय से धानमंडी तक पैदल निरीक्षण किया।

वाहनों में माल लोडिंग कर रहे हैं हम्मालों से कहा कि आप मास्क लगाकर ही रखें। क्योंकि आप यदि मास्क नहीं पहनोगे तो खुद बीमार होंगे। साथ ही अपने आसपास के अन्य लोगों को भी बीमार करेंगे। जो गाड़ियां रोड पर खड़ी थीं उनके ड्राइवर से कहा कि आप साइड में गाड़ियां खरीद कर माल लोड करें। करीब एक घंटे तक धानमंडी में भ्रमण किया और एक-एक दुकानों और वाहनों को देखा। धानमंडी, शहर सराय, गणेश देवरी के बाजारों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे एक बार गाड़ी से गुजरे और माइक से मास्क लगाने की समझाइश दी। उनके साथ थोक किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी थे। उन्होंने मास्क को लेकर समझाइश दी। थोक किराना व्यापारी मनोज झालानी ने बताया सुबह 6 से 10 बजे तक ग्रामीण क्षेत्रों के लिए किराना सामान की आपूर्ति की जा रही है। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किराना सामान की होम डिलेवरी की जा रही है।


धानमंडी में पैदल निरीक्षण करते एसपी गौरव तिवारी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दैनिक भास्कर ---पृष्ठ 2 ... दिनांक 8.9 ...2021


## गंदगी की, नित्यानंद नमकीन पर जुर्माना

रतलाम | थावरिया बाजार क्षेत्र में नित्यानंद नमकीन द्वारा खुले में गंदगी करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही स्वच्छता अमले ने दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की हिदायत दी। आयुक्त झारिया ने बताया बार-बार समझाइश के बाद भी दुकानदार गंदगी फैला रहे हैं। वे दुकानों एवं घरों से निकला कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं दो बार कार्रवाई के बाद दुकान सील की जाएगी।

# संक्रमण के खतरे में भी 447 लोग बगैर मास्क पहने मिले

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण की घातक रफ्तार के बाद भी कई लोग मास्क लगाने व कोरोना गाइडलाइन का पालन करने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पुलिस अब नियम तोड़कर बेवजह बाहर घूमने वालों पर कार्रवाई कर रही है। एसपी गौरव तिवारी के निर्देश पर बुधवार को पुलिस ने इस तरह के कुल 165 लोगों को गिरफ्तार कर अस्थाई जेल में रखा।

मालूम हो कि नौ अप्रैल से कोरोना कर्फ्यू लागू करने के बाद जरूरी काम के लिए ही बाहर निकलने की अनुमति है। इधर कुछ दिनों से बाजार में आवाजाही बढ़ गई है। साथ ही मास्क का उपयोग नहीं कर लोग स्वयं व अन्य की जान को भी खतरा पैदा कर रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले, मास्क का उपयोग न करने वालों के खिलाफ



भादवि की धारा 151 में कार्रवाई कर खुली जेल में रखा जा रहा है। बुधवार को मास्क का उपयोग न करने वालो के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 447 व्यक्तियों से 31100 रुपये का जुर्माना वसूल कर मास्क का वितरण भी किया गया। इसके साथ साथ मोटर व्हिकल एक्ट के अंतर्गत 281 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। बुधवार को एसपी गौरव तिवारी ने धानमंडी क्षेत्र में किराना सहित अन्य जरूरी सामान विक्रेताओं की दुकानों पर जाकर कोरोना गाइडलाइन पालन करने की बात कही। इस दौरान संयुक्त व्यापारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज झालानी भी साथ रहे।

नई दुनिया
22-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका ----पृष्ठ 5.....दिनांक 22-5.....2021

ठेकेदार कंपनी के कई कर्मचारी हुए गायब तो हालातों को संभालने के लिए मैदान में आए निगमकर्मी

# सफाई पर संक्रमण : नगर निगम के सफाईकर्मियों को संभालना पड़ा मेडिकल कॉलेज में नया मोर्चा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 22-5-2021




रतलाम. मेडिकल कॉलेज में सफाई व्यवस्था में जुटे इंदौर की कंपनी के कुछ कर्मचारी अचानक से गायब हो गए हैं। उनके जाने से यहां की सफाई व्यवस्था प्रभावित ना हो उसके लिए नगर निगम के 22 कर्मचारियों को यहां की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निगम के यह सफाई कर्मी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को निभाएंगे। पुणे परिसर के अंदर सफाई करनी है या बाहर यह उनके आने के बाद बताया जाएगा।


ठेकेदार कंपनी के कुछ कर्मचारियों के गायब होने के पीछे कारण यहां पर लगातार मरीजों की बढ़ती संख्या होना बताई जा रही है जिसके चलते काम का लोड बढ़ गया था। वहीं कुछ कर्मचारी संक्रमण के डर से जाना बताए जा रहे हैं जिसके चलते व्यवस्था चरमराने की नौबत आ गई थी। ऐसे में यहां की व्यवस्था निगम के सफाईकर्मियों के कंधों पर आ गई है। कोरोना की बढ़ती रफ्तार ने सभी तैयारियों को बौना साबित कर दिया है।

## निगम मेडिकल कॉलेज में सफाई व ऑक्सीजन सिलेंडर सप्लाई करवाएगा

पत्रिका 22-5-21

रतलाम | कोरोना काल में सबसे ज्यादा काम आ रहे मेडिकल कॉलेज की सफाई के साथ निगम के कर्मचारी सिलेंडर की सप्लाई भी करेंगे।

प्रशासक गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इसके लिए कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी है। 24 कर्मचारी मेडिकल कॉलेज के सभी मंजिलों के शौचालयों व मूत्रालय की सफाई करेंगे। इसके अलावा मालवा ऑक्सीजन इंटरप्राइजेस जावरा रोड से ऑक्सीजन सिलेंडर वाहन में लोड करने कॉलेज तक पहुंचाने के लिए चार शिफ्ट (सुबह 6 से दोपहर 12, दोपहर 12 से शाम 6, शाम 6 से रात 12 बजे और रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक) में कर्मचारी तैनात किए हैं। प्रत्येक शिफ्ट में 6 कर्मचारी रहेंगे।



टीकाकरण पर मप्र सरकार का बड़ा फैसला

# 1 मई से लोगों को मुफ्त टीका 4 जिलों में ऑक्सीजन प्लांट शुरू

स्वदेश 22-4-21

भोपाल ● 21 अप्रैल (ब्यूरो) मध्यप्रदेश में शिवराज सरकार ने 1 मई से 18 वर्ष के ऊपर के सभी लोगों को कोरोना टीका मुफ्त में लगाने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को बताया कि खंडवा, शिवपुरी, उज्जैन और सिवनी जिलों में ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो गए हैं। जबलपुर का ऑक्सीजन प्लांट भी आज ही शुरू होने की संभावना है। यहां मशीनों के इंस्टॉलेशन का काम पूरा हो चुका है। रतलाम, मंदसौर और मुरैना जिले के प्लांट एक-दो दिन में शुरू होने की संभावना है। श्री सिंह ने बताया कि बीना रिफाइनरी ने अस्पतालों को ऑक्सीजन देने की सहमति है।

### प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामले 82 हजार के पार

मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 13 हजार से ज्यादा नए केस मिले हैं। प्रदेश में अब एक्टिव केस की संख्या 82 हजार से ज्यादा हो चुकी है। ऐसे में सरकार अब कुछ और सख्त कदम उठा सकती है। इस पर फैसला लेने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई। उधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद भी सीएम हाउस पहुंचे। दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री ने कहा- यह आपातकाल है, सीमित संख्या में हों कार्यक्रम

# मप्र में होंगी शादियां, कलेक्टर लेंगे निर्णय

स्वदेश 22-4-21

भोपाल ● 21 अप्रैल (ए) मध्यप्रदेश में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 82 हजार के पार हो चुकी है। इस बीच अप्रैल में अब 25 और 26 अप्रैल को शादियों के शुभ मुहूर्त हैं। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि यह आपातकाल है। वैवाहिक कार्यक्रम सीमित संख्या में घर में ही करें, लेकिन इसके लिए शासन–प्रशासन से अनुमति लें। शादियों के लिए अनुमति देने का अधिकार सरकार ने कलेक्टरों को दिया है। वे क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के साथ चर्चा के करके निर्णय लेंगे। भोपाल और इंदौर में हर रोज 1600 से 1700 के बीच कोरोना केस आ रहे हैं। ऐसे में दोनों शहरों में 30 अप्रैल तक शादियों पर रोक लगाई गई है। 25 अप्रैल से आने वाले महीनों में शादियों के कई मुहूर्त हैं। कलेक्टर से अपील की है कि कोरोना संकट खत्म होने के बाद वो शादी के लिए नया मुहूर्त तय करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया है कि वो शादी के लिए अनुमति नहीं दें।

**अन्य राज्यों में सरकार ने लिया है निर्णय**– छत्तीगढ़, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में शादियों की अनुमति को लेकर सरकार ने निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार ने शर्तें तय की हैं।

### भोपाल में 50 लोगों की मिल रही थी अनुमति

*अभी तक राजधानी में शादी समारोह में 50 लोगों के शामिल होने की अनुमति एसडीएम कार्यालय से मिल रही थी। सरकार ने वर- वधू पक्ष के 50 लोगों को शादी के लिए अनुमति दी थी, लेकिन अब बढ़ते संक्रमण के कारण प्रशासन ने शादियों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।*

### 28 में से विवाह के लिए उपयुक्त नवंबर-दिसंबर के 9 मुहूर्त

- अप्रैल–16, 17, 15, 20, 25, 26 सहित छह दिन।
- मई- 4, 5, 6, 10, 11, 17; 18, 19 सहित आठ दिन।
- जून – 25, 27, 28, 29, 30 सहित पांच दिन।
- नवंबर– 25, 26, 30 सहित तीन दिन।
- दिसंबर – 1, 2, 7, 8, 9, 11 सहित कुल छह दिन।


संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर ---पृष्ठ 7......दिनांक 22-4......2021

# सूर्यास्त का समय बदला, स्ट्रीट लाइट का नहीं, शाम 6.15 बजे चालू हो रही शहर की स्ट्रीट लाइट



**रतलाम** | मौसम में बदलाव के साथ सूर्यास्त का समय बदल गया है। सूर्यास्त 7 बजे के आसपास हो रहा है। स्ट्रीट लाइट का समय नहीं बदला। स्ट्रीट लाइट शाम 6.15 बजे चालू हो रही है। बिजली की बर्बादी हो रही है। यदि समय बढ़ा दिया जाए तो बिजली की बर्बादी रुक सकती है। इक्का कैलूत ने बताया शहर में 9 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइट है। नगर निगम टाइमर में बदलाव करें ताकि बिजली की बर्बादी रुक सके।

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार स्वदेश ----पृष्ठ 16....दिनांक 22.04...2021



# कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन करने पर 392 लोगों पर कार्रवाई

22-4-21

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में तालाबंदी का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 392 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 94 व्यक्तियों को धारा 151 के अंतर्गत गिरफ्तार कर पुलिस जेल में भेजा तथा 241 लोगों को बिना मास्क के पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई तथा 27 लोगों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उनकी मोटर साइकल जब्त की गई।

जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए तालाबंदी का उल्लंघन करने वाले, मास्क का उपयोग न करने वालें 94 व्यक्तियों के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर खुली जेल में निरुद्ध करने की कार्रवाई की गई है।

मास्क का उपयोग नहीं करने वाले 241 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 15 हजार 350 रुपए समन शुल्क वसूला गया एवं उन्हें मास्क भेंट किए गए। इसके साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए कुल 57 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है।

## लॉक डाउन का उल्लंघन एवं बिना मास्क घर से निकलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरु

# 94 लोगों को किया गया गिरफ्तार

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

22-4-2021

लॉक डाउन का उल्लंघन करने वालों एवं बिना मास्क के घर से निकलने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।सोमवार को एस पी गौरव तिवारी के निर्देश पर पुलिस ने इस तरह के कुल 94 लोगों को गिरफ्तार कर अस्थाई जेल में निरुद्ध किया।



पुलिस के अनुसार 9 अप्रैल से जिला रतलाम मे सम्पूर्ण लॉक डाउन प्रभाव शील है, परंतु देखने मे आया है कि कुछलोग अनावश्यक घर से बाहर निकल कर लॉक डाउन का उल्लंघन कर रहे है । साथ ही मास्क का उपयोग नहीं कर स्वयं व अन्य लोगो के स्वास्थय को खतरे मे डाल रहे है , जबकि (कोविड-19) बीमारी को डब्ल्यूएचओ द्वार वैश्विक महामारी घोषित किया गया है एवं न्यायालय जिला दण्डाधिकारी जिला रतलाम द्वारा आदेश पारित कर रतलाम शहर मे धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 लागु की गई है, जिसके अंतर्गत मास्क का उपयोग व सोश्यल डिस्टेन्सिंग को अनिवार्य किया गया है, परंतु फिर भी कुछ लोगो द्वारा नियमो की अनदेखी कर मास्क व सोश्यल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर लोक स्वास्थ्य को खतरे मे डाल रहे है। अतः इस दिशा में कठोर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए लॉक डाउन का उल्लंघन करने वाले, मास्क का उपयोग न करने वाले व्यक्तिओं के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 151 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर खुली जेल में निरुद्ध करने की कार्यवाही की गई है।

इस प्रकार 21 अप्रैल को कुल 94 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जाकर अस्थाई जेल में निरुद्ध किया गया है। मास्क का उपयोग न करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 241 व्यक्तिओं के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 15,350 रू का समन शुल्क वसूला गया है एवं मास्क का वितरण भी किया गया है।

इसके साथ साथ मोटर विहकल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कुल 57 व्यक्तिओं के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है। कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

प्रसारण 22-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–.................पृष्ठ 6.....दिनांक.................2021

## सीवरेज : नगर निगम तिराहे पर धंस गई फायर लॉरी



रतलाम | नगर निगम तिराहे श्री अमरेश्वर महादेव मंदिर के सामने निगम की फायर लॉरी धंस गई। सीवरेज लाइन की खुदाई को लेकर किए गड्ढे में फायर लॉरी धंसी। हालांकि कुछ समय में उसे टोचन के माध्यम से बाहर निकाल दिया।




## सड़क में फंसी फायर ब्रिगेट

रतलाम। बुधवार को नगर निगम चौराहे पर करीब 10.30 बजे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइज करने के लिए निकली फायर ब्रिगेट कुछ दिन पूर्व चौराहे पर नगर निगम द्वारा खोदी गई सड़क में फंस गई। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले यह दृश्य देखकर कई लोग अपनी हंसी नहीं रोक पाये। कई लोग वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर चुटकुलों से के साथ वीडियो को पोस्ट कर रहे है। वही इस दौरान निगम के कर्मचारी फायर ब्रिगेट को निकालने के लिए मशक्क करते दिखाई दिये। इस दौरान फायर ब्रिगेट को चौराहे पर ही खाली करना पड़ा। जिसके बाद फायर ब्रिगेट गड्ढे से बाहर निकाली गई।जिसके बाद शहर के अलग अलग क्षेत्रों सैनिटाइज करने का कार्य फिर से शुरू हुआ।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने की प्रदेशवासियों से अपील

# 30 अप्रैल तक घर पर ही रहें, कोरोना को हराएं



भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टेलीविजन और सोशल मीडिया पर जारी संदेश में प्रदेशवासियों से कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए 30 अप्रैल तक घर पर ही रहने की अपील की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अपने गांव, शहर, मोहल्ले या कॉलोनी में कोरोना कर्फ्यू लगाने का प्रण लें। यह प्रण लें कि 30 अप्रैल तक घर पर ही रहेंगे। यह युद्ध है, जिसे बाहर निकल कर नहीं, घर पर रहकर ही जीता जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि घर पर रहें और कोरोना को हराएं।

### श्रमिकों को मध्यप्रदेश से बाहर जाने की कोई जरूरत नहीं

**भोजन से लेकर काम देने तक की होगी पूरी व्यवस्था**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के कारण बनी परिस्थितियों में मजदूर भाई-बहनों को काम देने की पूरी व्यवस्था की गई है। काम की तलाश में उन्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने टेलीविजन और सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों में लगभग 21 लाख मजदूर नियोजित हैं। इन मजदूरों की हरसंभव सहायता की जाएगी। तीन महीने का निःशुल्क राशन भी उनको दिया जा रहा है। श्रमिकों को मध्यप्रदेश से बाहर जाने की कोई जरूरत नहीं है। मध्यप्रदेश में जो मजदूर भाई-बहन आएंगे, उनका भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। चाय, नाश्ता, भोजन से लेकर जरूरत पड़ने पर काम देने तक सारी व्यवस्था करने का प्रयास होगा। यह कोशिश होगी कि मजदूर भाई-बहनों को कोरोना संकट के समय कोई परेशानी न हो।

# मरीजों को ऑन कॉल मिलेगी स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सेवाएं



### प्रभारी मंत्री को फोन पर दी जानकारी

रतलाम. मेडिकल कॉलेज में चल रही व्यवस्थाओं के निरीक्षण के बाद यहां विधायक चेतन्य काश्यप की मौजूदगी में मैराथन बैठक आयोजित हुई। करीब चार घण्टे तक चली समीक्षा बैठक में कई निर्णय लिए गए। इतना ही नहीं इन निर्णयों की जानकारी जिला कोविड प्रभारी वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को भी दी गई। अब मेडिकल कॉलेज में आने वाले नए मरीजों को पहले प्रतीक्षा कक्ष में रखा जाएगा।


प्रबंधक द्वारा मेडिकल कॉलेज में आने वाले नए मरीजों के लिए 20 बिस्तरों वाला एक नया प्रतीक्षा कक्ष बनाया गया है। यहां चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। चिकित्सक की देख-रेख में यहां रखने के बाद रोगी को बीमारी अनुसार उपयुक्त उपचार के लिए वार्ड में भेजा जाएगा। मेडिकल कॉलेज में उपचाररत मरीजों के लिए मेडिसीन विशेषज्ञ एवं अन्य विशेषज्ञों की सेवाएं 24 घण्टे ऑन कॉल रहेंगी।

### मरीज की जानकारी पहुंचेगी हेल्प डेस्क

बैठक में यह भी तय किया गया कि मरीज से संबंधित समस्त जानकारी प्रत्येक वार्ड में नियुक्त आयुष चिकित्सक एकत्रित करेंगे और उसे कम्प्यूटर पर लोड किया जाएगा। जिससे हेल्प डेस्क एवं अन्य जिम्मेदारों को समयानुसार जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। इसी प्रकार अस्पताल की व्यवस्थाओं के लिए 3 शिफ्टों में अलग-अलग सहप्रभारी नियुक्त होंगे, जो शिफ्ट अनुसार अपने प्रभार की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार रहेंगे। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन सहित अस्पताल के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में 20 बेड का प्रतीक्षा कक्ष, 24 घंटे ऑन कॉल रहेंगे डॉक्टर

## 4 घंटे मेडिकल कॉलेज में रहे विधायक और कलेक्टर



मेडिकल कॉलेज में विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर गोपालचंद्र डाड 4 घंटे रहे। यहां की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की कवायद की।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-5-21

मेडिकल कॉलेज में 20 बेड का प्रतीक्षा कक्ष बनाया है। यहां आने वाले मरीजों को तत्काल इलाज मिलेगा। इधर, कॉलेज में मेडिसिन और चेस्ट के डॉक्टरों की 24 घंटे की ड्यूटी लगा दी है। बुधवार को शहर विधायक और कलेक्टर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे रहे। इधर, ऑक्सीजन बेड के लिए मारामारी जारी है, शहर में ऑक्सीजन बेड नहीं होने से लोगों को परेशान होना पड़ा, अस्पतालों का एक ही जवाब था, बेड नहीं है।

जिले में ऑक्सीजन बेड की कमी बनी हुई है, एक-एक बेड पर ऑक्सीजन लगाने की कवायद की जा रही है। आलम ऐसा है कि निजी अस्पतालों में बेड नहीं होने की बात कह रहे हैं, ऐसे में बिना जानकारी के पहुंचने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को मेडिकल कॉलेज, सीएचएल अस्पताल, नवीन कन्या परिसर में एक भी ऑक्सीजन बेड नहीं था। जिले मे सिर्फ आइसोलेशन बेड खाली रहे। बुधवार दोपहर तक तक मेडिकल कॉलेज में 49, नवीन कन्या परिसर में 21 बेड खाली थे, ये सभी सामान्य आइसोलेशन बेड थे।

### पहले मरीजों को प्रतीक्षा कक्ष में रखेंगे, बीमारी के अनुसार वार्ड में भेजेंगे

विधायक चेतन्य काश्यप व कलेक्टर गोपालचंद डाड बुधवार को 4 घंटे मेडिकल कॉलेज में रहे। उन्होंने उपचार के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। फैसलों की जानकारी जिला कोविड प्रभारी वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को दी। मेडिकल कॉलेज में आने वाले नए मरीजों को पहले प्रतीक्षा कक्ष में रखा जाएगा, जरूरतमंद मरीजों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं ऑन कॉल ली जाएगी। 20 बिस्तर का प्रतीक्षा कक्ष बनाया है। डॉक्टरों की देखरेख के बाद बीमारी के अनुसार उपचार के लिए वार्ड में भेजा जाएगा। मरीजों के लिए मेडिसिन विशेषज्ञ एवं अन्य विशेषज्ञों की सेवाएं 24 घंटे ऑन कॉल रहेगी।

### मरीज की सभी जानकारी अपलोड होगी

कॉलेज में यह फैसला हुआ कि मरीज से संबंधित जानकारी प्रत्येक वार्ड में नियुक्त आयुष चिकित्सक एकत्र करेंगे। उसे कम्प्यूटर में लोड किया जाएगा। हेल्प डेस्क व अन्य जिम्मेदारों को समय पर जानकारी दे सकेंगे। अस्पताल की व्यवस्थाओं के लिए 3 शिफ्टों में सहप्रभारी नियुक्त किए हैं, जो शिफ्ट अनुसार अपने प्रभार की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार रहेंगे। कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन मौजूद थे।

# वैक्सीनेशन केंद्र पर भीड़ ना लगाएं... पहली वैक्सीन के 42 दिन बाद लगवाया जा सकेगा दूसरा टीका

### पोर्टल की दिक्कत से फाइनल सर्टिफिकेट मिलने में परेशानी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-5-21

जिले के बाल चिकित्सालय के वैक्सीन केंद्र पर बुधवार को वैक्सीन लगवाने वालों के अलावा कई लोग ऐसे भी पहुंचे जो कि सिर्फ पूछताछ करने आए थे, कोई पूछ रहा कौन-सी वैक्सीन ज्यादा असरकारक है तो किसी को दूसरे टीके के बारे में जानना था। आलम ऐसा था कि केंद्र पर भीड़ हो गई। इधर... केंद्र प्रभारी लोकेश वैष्णव ने भी अपील कि है की केंद्रों पर भीड़ ना लगाएं। लोग बेवजह आ रहे है। एक व्यक्ति को वैक्सीन लगना है, लेकिन साथ में 3 लोग को ला रहे हैं। इससे उनके संक्रमण का खतरा बढ़ता है।

**आज 94 स्वास्थ्य केंद्रों पर लगेगा टीका :** जिले में 45 साल से ज्यादा आयु वाले लोगों को गुरुवार को 94 स्वास्थ्य केंद्रों पर टीका लगाया जाएगा। रतलाम में बाल चिकित्सालय, रेलवे अस्पताल, पुराने कलेक्टोरेट, आयुर्वेदिक अस्पताल, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी, जैन काश्यप सभागृह, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल सहित प्राइवेट अस्पतालों में टीके लगेंगे।

### दूसरा टीका कब लगेगा

| पहला टीका | दूसरा टीका |
|---|---|
| 1 मार्च | 12 अप्रैल से 1 मई |
| 3 मार्च | 15 अप्रैल से 3 मई |
| 4 मार्च | 16 अप्रैल से 4 मई |
| 8 मार्च | 20 अप्रैल से 8 मई |
| 10 मार्च | 22 अप्रैल से 10 मई |
| 13 मार्च | 27 अप्रैल से 15 मई |
| 17 मार्च | 29 अप्रैल से 17 मई |
| 18 मार्च | 30 अप्रैल से 18 मई |
| 20 मार्च | 2 मई से 20 मई |
| 22 मार्च | 4 मई से 20 मई |
| 24 मार्च | 6 मई से 24 मई |
| 25 मार्च | 7 मई से 25 मई |
| 27 मार्च | 9 मई से 27 मई |

## दरोगा भाटी निलंबित, दो अस्थायी सफाईकर्मी बर्खास्त

रतलाम | नोटिस का जवाब नहीं देने पर दरोगा किशन भाटी को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निलंबित कर दिया है। जुलवानिया में नियुक्त अस्थायी सफाई कर्मचारी बलराम और विशाल डागर को सेवा बर्खास्त कर दिया है। दोनों दोपहर बाद बिना सूचना दिए ड्यूटी से चले गए थे। उधर निलंबित दरोगा मोहसीन इब्राहीम को बहाल करते हुए आयुक्त झारिया ने वार्ड 6 का प्रभारी बनाया है। जांच जारी रहेगी। निलंबित किए मोहसीन के प्रकरण में आरोप पत्र देरी से देने पर स्वास्थ्य विभाग के सहायक वर्ग-3 राजेंद्र सिंह गेहलोत की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका ----पृष्ठ 15...दिनांक [illegible]...2021

# लापरवाही पर निगरानी: बेवजह घूमने वालों पर दिखाई सख्ती

पत्रिका 22-4-21






**रतलाम.** जनता कर्फ्यू के दौरान बाजार में बढ़ी संख्या में लोगों की भीड़ नजर आने लगी है। वह भी तब जब कि हर दिन बड़ी संख्या में मरीज पॉजिटिव निकल रहे हैं। इसके चलते पुलिस ने अब सख्ती बरतना शुरू की दी है। पुलिस बुधवार को शहर के विभिन्न चौराहों पर सुबह से शाम तक तैनात रही। पुलिस ने चौराहों से गुजरते वाहन चालकों को रोका और बेवजह घूमने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की तो कुछ लोगों को ओपन जेल में बंद किया।

**स्वच्छ सर्वेक्षण** • चार दिन तक क्यूसीआई की टीम ने किया सर्वे, अब अगले चरण की तैयारी

# गुपचुप हुई सफाई की परीक्षा, 6000 में से 4700 अंक मिलने की है उम्मीद

## टीम ने शहर में 60 से ज्यादा जगह सर्वे किया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-4-2021

सात माह से जिस सफाई की परीक्षा के लिए दिन-रात तैयारी चल रही थी, वह लॉकडाउन में गुपचुप हो गई। क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) की टीम कब आई निगम के अमले को भनक तक नहीं लगी। बताया जा रहा है कि चार दिन चले स्वच्छ सर्वेक्षण में क्यूसीआई की टीम ने शहर के 60 से ज्यादा स्थानों पर सर्वे किया।

फोटो खींचे और लोगों से फीडबैक भी लिया। इन सब से अनजान निगम इस बार सबसे बेहतर रैंक की उम्मीद लगाए बैठा है। तैयारियों और नागरिकों से मिले फीडबैक के अनुसार 6000 अंक के स्वच्छ सर्वेक्षण में 4700 अंक मिलने की आशा है। ऐसा हुआ तो शहर इस बार टॉप 40 शहर में आ सकता है। 2020 में 49वीं रैंक मिली थी।

कमिश्नर सोमनाथ झारिया ने बताया स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंक मिलने की उम्मीद है। सात-आठ माह से तैयारी कर रहे हैं। शहरवासियों ने भी सहभागिता कर अच्छा साथ दिया।

## स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की तैयारी शुरू, सरकार ने मांगे सुझाव



जीरो वेस्ट वार्ड के तहत घर से कचरा इकट्ठा करता वाहन।

इन सब के बीच स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की तैयारी होने लगी है। इसके मापदंड तैयार करने के लिए सरकार ने नगरीय निकायों से सुझाव मांगे हैं। नगर निगम भी सुझाव तैयार कर रहा है। अभी तक की तैयारियों के मुताबिक एसबीएम 2.0 में मुख्य फोकस ठोस एवं तरल, प्लास्टिक, जैव अपघटित, मलयुक्त कीचड़ प्रबंधन पर रहेगा, वहीं यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि हर व्यक्ति शौचालय का इस्तेमाल करें। बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के साथ ही 2015-16 से शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन का पहला चरण पूरा हो गया है। दूसरा चरण 2024-25 तक चलेगा।

### स्वच्छ सर्वेक्षण : नगर निगम की तैयारी और अंक मिलने की उम्मीद

**1. सर्विस लेवल प्रोग्रेस**

**निर्धारित अंक - 2400**

**निगम के जतन** - सभी मापदंड को पूरा करते हुए जुलाई से फरवरी तक की तीन तिमाही के डाटा व अन्य डाक्यूमेंट लोड। परीक्षण भी हो चुका।

कितने अंक की उम्मीद

**1800-1900**

**2. सर्टिफिकेशन**

**निर्धारित अंक - 1800**

**निगम ने जतन** - ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेशन प्राप्त किया, गार्बेज फ्री सिटी 5 स्टार रेटिंग के लिए दावा कर सर्वे हो चुका, अभी भी व्यवस्था चल रही।

कितने अंक की उम्मीद

**1200-1300**

**3. सिटीजन वाइस**

**निर्धारित - 1800**

**निगम के जतन** - वोट फॉर सिटी एप, 1969 हेल्पलाइन, एसएस 2021 पोर्टल, स्वच्छता एप का फीडबैक के माध्यम से अब तक 1.48 लाख से ज्यादा लोगों का फीडबैक मिला।

कितने अंक की उम्मीद

**1400-1500**

**पिछले पांच सर्वे में शहर को कब-कितनी रैंक मिली**

| साल | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 |
|---|---|---|---|---|---|
| रैंक | 79/ | 48 | 72 | 62 | 49 |
| कुल शहर | - | 500 | 4203 | 6000 | 4242 |